समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# 4 दिन की गिरावट के बाद सोना फिर हुआ महंगा, 8 जुलाई 2025 को आपके शहर मे जांने ताजा रेट।

Publisher

Published on 08 Jul 2025



## डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ ऐलान से अंतरराष्ट्रीय बाजार मे हंलचल, भारत मे संोने की कीमत मे फिर से तेजी।

**Gold Price:** बीते चार कारोबारी दिनों तक लगातार गिरावट के बाद आज सोने की कीमतों में फिर से तेजी देखने को मिली है। 8 जुलाई 2025 को सोने की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका द्वारा नए टैरिफ लगाने की वजह से सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई है।

**सोने के दामों मे फिर आई तेजी**

अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** ने जापान और दक्षिण कोरिया सहित 14 व्यापारिक साझेदार देशों पर **25 से 40 प्रतिशत टैरिफ** लगाने का ऐलान किया है। इसके बाद **अंतरराष्ट्रीय बाजार** में सोने की मांग बढ़ गई है और इसकी कीमतों में उछाल आया है।

**भारतीय मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज** (MCX) पर आज सुबह 9:15 बजे के करीब **24 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम 97,118 रुपये** पर कारोबार कर रहा था। **वहीं 22 कैरेट सोना 89,283 रुपये प्रति 10 ग्राम** दर्ज किया गया।

बुलियन मार्केट में **24 कैरेट सोना 97,520 रुपये** और **22 कैरेट सोना 89,393 रुपये प्रति 10 ग्राम** के स्तर पर था।

**आपके शहर का ताजा सोने का भाव (MCX):**

| शहर | 24 कैरेट सोना (₹/10 ग्राम) | 999 फाइन रेट (₹/ग्राम) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 97,240 | 1,079.6 |

| | | |
|---|---|---|
| कोलकाता | 97,280 | 1,080 |
| मुंबई | 97,400 | 1,081.5 |
| हैदराबाद | 97,560 | 1,083.2 |
| चेन्नई | 97,690 | 1,084.6 |

**कैसे तय होती है सोने की कीमत ?**

सोने के रेट कई कारकों से तय होते हैं, जिनमें प्रमुख हैं:

१. **अंतरराष्ट्रीय बाजार मे उतार-चढ़ाव**
२. **डॉलर की मजबूती या कमजोरी**
३. **ग्लोबल आर्थिक तनाव**
४. **एक्सचेजं रेट मे बंदलाव**
५. **सीमा शुल्क और टैक्स**

जब भी **अंतरराष्ट्रीय स्तर** पर किसी प्रकार की आर्थिक अनिश्चितता होती है, **निवेशक सुरक्षित निवेश** के तौर पर सोना खरीदते हैं, जिससे इसकी मांग और कीमत बढ़ जाती है।

**भारत मे सोने की मांग क्यों रहती है मजबूत ?**

१. **भारत मे सोना न केवल निवेश बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है**।
२. **शादी-ब्याह और त्योहारों मे सोना खरीदना शुभ माना जाता है**।
३. **भारतीय समाज मे संपन्नता का प्रतीक है**।
४. **लंबे समय मे बेहतर रिटर्न देने वाला सुरक्षित निवेश माना जाता है**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.